## खबर संक्षेप

### ईव्हीएम वेयर हाउस का किया गया मासिक निरीक्षण



**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थिति ईव्हीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण (बिना ताला खोले) किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, राजनैतिक दल के प्रतिनिधि, रवीद्र वर्मा, विष्णूप्रताप सिंह, अरफाना खान, निर्वाचन सुपरवाईजर संजय खरे, जी के. पाण्डेय सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहें।

### बहनों ने भाई के ललाट पर लगाया मंगल तिलक

**स्लीमनाबाद।** तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद सहित ग्रामीण अंचलों में गुरुवार को भाई-दूज पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। बहनों ने भाई के ललाट पर मंगल तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और आरती उतारी तो भाईयों ने भी बहन को उपहार प्रदान किए।

धनपुरी में समाजसेवा व संस्कारों का अनूठा संगम आज

# सर्व धर्म हिताय, सर्व जन सुखाय के भाव से ओतप्रोत भव्य सम्मान समारोह



**शहडोल।** समाज में एकता, सद्भाव और सेवा की भावना को नया आयाम देने जा रहा है भव्य सम्मान समारोह, जो 25 अक्टूबर 2025, शनिवार को सायं 7 बजे धनपुरी स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन दैनिक हाल-ए-हलचल, दैनिक प्रदेश का गौरव, जोगी एक्सप्रेस और दैनिक जय संगवारी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाजहित में निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे समाजसेवियों, उद्योगपतियों, शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं, सफाई मित्रों व अन्य जनसेवकों को सम्मानित कर समाज में सकारात्मक प्रेरणा देना है। इस अवसर पर शहडोल संभाग के विभिन्न क्षेत्रों धनपुरी, बुढ़ार, अमलाई, चचाई, अनूपपुर, उमरिया सहित आस-पास के प्रमुख समाजसेवी संस्थान चीनी मित्र मंडली तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को विशेष सम्मान से नवाजा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान माँ जगत जननी दुर्गा स्वरूप नौ कन्याओं का पांव पखारू कार्यक्रम भी राधा कृष्ण मंदिर के पीछे मढिया मंदिर परिसर में सम्पन्न किया जाएगा।

### ऐसे आयोजन समाज में नई ऊर्जा भरते हैं



जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि समाजसेवा केवल कार्य नहीं, बल्कि एक जीवन मूल्य है। जब ऐसे भव्य आयोजन के माध्यम से समाज के निस्वार्थ सेवकों को सम्मानित किया जाता है, तो यह नई पीढ़ी को प्रेरित करता है कि वे भी समाजहित के कार्यों में आगे आएं। दैनिक हाल-ए-हलचल और इसके सहयोगी पत्र समूहों ने जिस भावना से यह आयोजन किया है, वह समाज में सद्भाव और एकजुटता का उदाहरण बनेगा। उन्होंने कहा कि आज के समय में समाजसेवा की भावना को जीवित रखना ही सबसे बड़ी देशभक्ति है। यह सम्मान समारोह उसी दिशा में उठाया गया सराहनीय कदम है।

### सम्मान से बढ़कर प्रेरणा कोई नहीं



ब्यौहारी विधायक शरद कोल ने कहा कि किसी व्यक्ति या संस्था को उसके कार्यों के लिए सम्मानित करना, दरअसल समाज को यह संदेश देना है कि अच्छा कार्य हमेशा पहचाना जाता है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक संगठनों का मनोबल बढ़ता है और नई पीढ़ी को भी सेवा के पथ पर चलने की प्रेरणा मिलती है। धनपुरी में आयोजित होने वाला यह समारोह निश्चित रूप से शहडोल संभाग की सामाजिक एकता और संस्कृति को नई दिशा देगा। उन्होंने आयोजक मंडल को बधाई देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम समाज में 'सेवा सर्वोपरि' की भावना को सशक्त करेगा।

### समाज के सच्चे नायकों को सम्मान देना ही सच्ची सेवा



जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी ने कहा कि जो लोग निस्वार्थ भाव से दूसरों के लिए काम करते हैं, वही समाज के सच्चे नायक हैं। ऐसे लोगों का सम्मान करना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके कार्यों की गूंज को और दूर तक पहुंचाने का प्रयास है। दैनिक हाल-ए-हलचल, जोगी एक्सप्रेस समूह ने जिस तरह समाजसेवा, शिक्षा और उद्योग क्षेत्र में कार्यरत लोगों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है, वह समाज में एकता, भाईचारे और प्रेरणा का वातावरण निर्मित करेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सहयोग, संवेदना और संस्कारों का विस्तार होता है, और यह हमारी परंपरा को सशक्त बनाता है।

### समाजसेवा ही सबसे बड़ी पूजा

समारोह के मुख्य सूत्रधार अतीक खान (बाबा) ने बताया कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में अच्छाई, सहयोग और संस्कारों को बढ़ावा देने का माध्यम है। उन्होंने कहा हम चाहते हैं कि समाज में जो लोग दूसरों के जीवन में उजाला भर रहे हैं, उन्हें सम्मान देकर यह संदेश दिया जाए कि समाजसेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। समारोह में शहडोल व अनूपपुर जिले के कई प्रतिष्ठित उद्योगपति, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, डॉक्टर, नर्स, अधिवक्ता और पत्रकार शामिल होंगे। प्रत्येक सम्मानित अतिथि को स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र भेंट किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के सांस्कृतिक दलों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी, जो परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम पेश करेंगी।

### समाज को जोड़ने वाला प्रयास

यह भव्य आयोजन न केवल एक सम्मान समारोह है, बल्कि यह सर्व धर्म हिताय, सर्व जन सुखाय के भाव को मूर्त रूप देने वाला एक मंच भी है। जहां धर्म, समाज और संस्कृति तीनों की आत्मा एक साथ झलकती है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि जो समाज के लिए जीता है, वही सच्चा नायक है और ऐसे नायकों को सम्मानित करना ही सबसे बड़ा धर्म है।

# पाल स्वीट्स संचालक ने की आत्महत्या, छोड़ा प्रिंटेड सुसाइड नोट

शहडोल। जिले से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। मिठाई कारोबार में अपनी पहचान बना चुके पाल स्वीट्स के संचालक मनोरंजन पाल ने शुक्रवार की सुबह अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, बताया जा रहा है कि वे लंबे समय से घुटनों की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे, हाल ही में उन्होंने ऑपरेशन भी कराया था, लेकिन दर्द और चलने-फिरने में असमर्थता ने उन्हें मानसिक रूप से तोड़ दिया, बीमारी से परेशान व्यवसायी ने सुसाइड से पहले एक प्रिंटेड सुसाइड नोट छोड़ा, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



शहर के वार्ड क्रमांक 23, शास्त्री नगर निवासी एवं प्रसिद्ध पाल स्वीट्स के संचालक मनोरंजन पाल ने शुक्रवार की सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वे पिछले कुछ समय से घुटनों में तेज दर्द और चलने-फिरने की समस्या से बेहद परेशान थे, हाल ही में उन्होंने घुटनों का ऑपरेशन कराया था, लेकिन डॉक्टरों की सलाह के बावजूद वे सामान्य रूप से चल नहीं पा रहे थे, करीबी सूत्रों के अनुसार इस मानसिक और शारीरिक पीड़ा ने मनोरंजन पाल को इतना तोड़ दिया कि उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया, घटना से पहले उन्होंने एक प्रिंटेड सुसाइड नोट भी छोड़ा है। मामले की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सुसाइड नोट की भी जांच कर रही है, ताकि मौत के पीछे के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सके।

### इनका कहना है...

शास्त्री नगर में एक सुसाइट का मामला आया है, एक सुसाइट नोट भी मिला है, मामले में वैधानिक कार्यवाही करते हुए मामले की जांच की जा रही है।

**राघवेंद्र तिवारी**
**कोतवाली प्रभारी, शहडोल**

# फर्जी दस्तावेज घोटाले में पुलिस की लीपापोती!

## 11 माह बाद भी आरोपी खुलेआम घूम रहे, गवाहों के बयान तक दर्ज नहीं

### प्रभावशाली संचालकों के इशारे पर जांच रिपोर्ट न्यायालय में हुई प्रभावित







**उमरिया।** जिले में फर्जी अंकसूची, ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टी.सी.) और अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों से जुड़े गंभीर मामले में पुलिस की जांच पर सवाल उठने लगे हैं। लगभग 11 माह पूर्व दर्ज हुए अपराध क्रमांक 0580/2024 में अब तक न तो किसी आरोपी की गिरफ्तारी हुई है और न ही गवाहों के बयान सही ढंग से दर्ज किए गए हैं। शिकायतकर्ता नसीम रज़ा खान ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर कोतवाली पुलिस पर आरोप लगाया है कि विवेचक आरोपियों के प्रभाव में आकर जांच रिपोर्ट में भारी गड़बड़ी कर रहे हैं और न्यायालय में फर्जी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। शिकायत के अनुसार, उमरिया कोतवाली में दर्ज यह मामला ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल और ब्राइट फ्यूचर स्कूल (महरोई) से जुड़ा हुआ है, जहां संचालकों ने मिलकर फर्जी अंकसूची, टी.सी. और उपस्थिति रजिस्टर तैयार कर छात्रों के नाम पर फर्जी प्रवेश दर्शाए। इतना ही नहीं, छात्रों के वास्तविक दस्तावेज जप्त न किए जाने से न्यायालय को भी भ्रमित किया गया।

आवेदक का कहना है कि आरोपी रहीश मंसूरी (महरोई) का स्कूल अपराध के समय किराए के मकान में अवैध रूप से संचालित था, जिसकी सुविधा और मान्यता दोनों समाप्त हो चुकी थीं। वहीं ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल की मान्यता वर्ष 2016-17 में ही खत्म हो गई थी, जिसकी पुष्टि शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की जांच रिपोर्ट में भी दर्ज है। इसके बावजूद, दोनों स्कूलों के संचालकों ने कूट रचना कर दस्तावेजों की अदला-बदली करते हुए फर्जी तरीके से विद्यार्थियों को दाखिला दिया।

नसीम रज़ा ने अपने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि पुलिस ने अपराध स्थल का गलत नक्शा और भ्रामक पंचनामा तैयार किया। गवाह राकेश विश्वकर्मा और वसीम खान के बयान दर्ज नहीं किए गए, जबकि विवेचना रिपोर्ट में झूठा उल्लेख किया गया कि उनके बयान हो चुके हैं। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि विवेचना अधिकारी ने जिला शिक्षा विभाग के लेखापाल के. के. तिवारी की भूमिका को जानबूझकर छिपाया, जबकि वे पूरे प्रकरण में दस्तावेजों की अदला-बदली में सहयोगी रहे। पुलिस प्रतिवेदन में उन्हें फरार दर्शाया गया, जबकि वे नियमित रूप से विभागीय कार्यालय में पदस्थ रहे, जिसका प्रमाण हाजिरी रजिस्टर से स्पष्ट होता है।

सबसे गंभीर आरोप यह लगाया गया है कि आरोपी रहीश मंसूरी को गलत और अपूर्ण जांच के आधार पर न्यायालय से जमानत का लाभ मिल गया। जमानत के बाद वह छात्रों और अभिभावकों पर दबाव डालकर साक्ष्य नष्ट करने का प्रयास कर रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार, इस पूरे मामले के ऑडियो और वीडियो सबूत भी उपलब्ध हैं, जिनसे साफ है कि आरोपियों द्वारा साक्ष्यों को मिटाने और जांच को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है।

नसीम रज़ा ने कहा है कि पुलिस विवेचना में गंभीर अनियमितताएं राष्ट्रद्रोह जैसे अपराध को भी हल्के में लेने जैसा है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि सभी फर्जी अंकसूची, टी.सी., स्कॉलर रजिस्टर, और प्रवेश से संबंधित दस्तावेजों को तत्काल जप्त कर निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही, सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए ताकि न्यायालय के समक्ष सच्चाई उजागर हो सके।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि इस प्रकरण में पुलिस का रवैया केवल लापरवाही नहीं, बल्कि प्रभावशाली आरोपियों के संरक्षण का प्रमाण प्रतीत होता है। समाज में शिक्षा के नाम पर चल रही फर्जीवाड़े की यह श्रृंखला न केवल प्रशासन की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि कानून की पकड़ से बचने के लिए कैसे भ्रष्ट तंत्र सक्रिय हैं। शिकायतकर्ता ने कहा जब तक इस मामले में निष्पक्ष जांच नहीं होगी और फर्जी स्कूल संचालकों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक न्याय व्यवस्था पर लोगों का भरोसा डगमगाता रहेगा।



# हनुमान घाटी जंगल में अंधी हत्या का रहस्य बरकरार

## 15 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**शहडोल।** नगर के समीपवर्ती ग्राम बिजही के युवक की रहस्यमय हत्या के 15 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हत्यारों तक नहीं पहुंच सकी है। परिजन अब भी न्याय की उम्मीद में हैं, जबकि जांच अब तक सुरागों के इर्द-गिर्द ही घूम रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकुमार साहू उर्फ छोटू उम्र 21 वर्ष पिता मंगल साहू निवासी बिजही, जो नगर परिषद कार्यालय के सामने चाय की दुकान चलाता था, 10 अक्टूबर की सुबह करीब 11 बजे घर से किस्त जमा करने निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। दो दिन बाद हनुमान घाटी जंगल बन विहार ढाबा के आगे में उसकी अधजली लाश बरामद हुई। शव की हालत देखकर यह स्पष्ट हुआ कि युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या की गई और पहचान छिपाने के लिए सूखे पत्तों से आग लगाई गई। वन विभाग की सर्चिंग टीम को शव सबसे पहले जंगल में दिखाई दिया, जिसके बाद ब्योहारी पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त छोटू साहू के रूप में की। पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जुटाने के बाद हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस फिलहाल शहर के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है, परंतु हत्यारों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी अरुण पांडेय को लाइन अटैच कर दिया गया है तथा प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ जारी को जांच की कमान सौंपी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी अब तक ठोस नतीजे न निकलना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। अब देखना यह होगा कि नई जांच टीम इस अंधी हत्या की गुत्थी सुलझा पाती है या नहीं।

# सड़क हादसा या हत्या?

## मृतका के परिजनों ने लगाये गंभीर आरोप

### पुलिस की लापरवाही पर उठे सवाल

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुए 22 वर्षीय नवविवाहिता मुस्कान सोनी की संदिग्ध मौत के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। मृतका के परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पुलिस ने मामले को सडक़ हादसा बताकर जल्दबाज़ी में निपटाने की कोशिश की, जबकि कई ऐसे तथ्य हैं जो साफ़ तौर पर यह दर्शाते हैं कि मामला सिर्फ़ एक्सीडेंट नहीं बल्कि एक साज़िशन हत्या हो सकती है।

मृतका की मां और भाई ने बताया कि मुस्कान की शादी वर्ष 2024 में शुभम सोनी से हुई थी। शादी के कुछ ही महीने बाद से ही ससुराल में उसका उत्पीडऩ शुरू हो गया था। मायके आने पर वह कई बार रोती हुई बताती थी कि उसका पति और ससुराल पक्ष उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं। परिजनों के अनुसार, 11 अगस्त को शुभम मोटरसाइकिल से मुस्कान को जयसिंहनगर छोडऩे के लिए निकला था, लेकिन उसी शाम उसकी हालत गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराई गई।

परिजन कहते हैं कि अगर यह सिर्फ़ सडक़ हादसा था तो शुभम ने तुरंत पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी? क्यों उसे आधे घंटे बाद तक अकेले अस्पताल में लाया गया? और सबसे बड़ा सवाल है कि हादसे की जगह से मुस्कान का मोबाइल और गहने क्यों गायब हैं? परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने बिना सही जांच के शुभम का पक्ष लिया और घटना को मात्र सडक़ दुर्घटना बताकर मामला बंद करने की कोशिश की। परिवार का कहना है कि जिस



तरह से मुस्कान के सिर और शरीर पर चोटें थीं, वह मोटरसाइकिल दुर्घटना से मेल नहीं खातीं।

मुस्कान के पिता ने कहा हमने बार-बार जयसिंहनगर थाने में गुहार लगाई कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो, लेकिन पुलिस ने हमें टाल दिया। यहां तक कि हमने जाम लगाने और एसपी से मिलने तक की कोशिश की, मगर स्थानीय पुलिस ने हमें डराया और रिपोर्ट बदलने का दबाव बनाया। पीड़ित परिजनों ने आरोप लगाया कि मेडिकल रिपोर्ट और पोस्टमार्टम की प्रतियां उन्हें अब तक नहीं दी गईं। उनका कहना है कि मामला जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है ताकि आरोपी बच निकलें। परिजनों ने मुख्यमंत्री और डीजीपी से मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच रीवा या जबलपुर पुलिस से कराई जाए।

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह सिर्फ़ एक युवती की मौत का मामला नहीं, बल्कि पुलिस की संवेदनहीनता का भी उदाहरण है। अगर समय पर निष्पक्ष जांच होती तो शायद सच्चाई अब तक सामने आ जाती। इधर, जयसिंहनगर थाना प्रभारी ने इस पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मामला जांचाधीन है, जबकि परिजन कहते हैं, जब तक दोषियों को सज़ा नहीं मिलती और पुलिस की भूमिका की जांच नहीं होती, हम चुप नहीं बैठेंगे।

# खेल प्रतियोगिता के प्रथम एवं दूसरे दिन खेले गए मैचों के परिणाम

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय शहडोल में 69वीं राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता 14 वर्ष बालिका का आयोजन गांधी स्टेडियम एवं गुड शेफर्ड कन्वेंट स्कूल के मैदान में किया जा रहा है। प्रथम दिवस 23 अक्टूबर 2025 को कुल 7 मैच खेले गए। जिसमें सागर और ग्वालियर के बीच मैच हुआ जिसका स्कोर 32-02 ग्वालियर विजेता रही, जबलपुर और रीवा में 21-3 जबलपुर विजेता रही, शहडोल और नर्मदापुरम 34-0 शहडोल विजेता रही, इंदौर और भोपाल 9-33 भोपाल विजेता रही, उज्जैन और सागर 18-0 उज्जैन विजेता रही, जनजाति और जबलपुर 15 - 24 जबलपुर विजेता रही, शहडोल और रीवा 30-02 शहडोल विजेता रही। दूसरे दिन 24 अक्टूबर 25 को सुबह के 4 मैच खेले गए। जिसमें भोपाल और सागर 41-0 जिसमें भोपाल विजेता रही, नर्मदा पुरम और जनजाति 2-40 जनजाति विजेता रही, उज्जैन और ग्वालियर 23-33 ग्वालियर विजेता रही , शहडोल और जबलपुर 34-6 शहडोल विजेता रही। बास्केटबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्री उमेश धुर्वे एवं जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मारपाची के संरक्षण में एवं अरविंद पांडे एपीसी रमसा, सहायक संचालक( खेल ) रईस अहमद, सुदर्शन मिश्रा एवं जिला खेल अधिकारी रामरुद्र पटेल एवं अन्य व्यायाम शिक्षकों द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन में निरंतर सहयोग दिया जा रहा है। राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के संचालन हेतु संचनालय भोपाल से श्री के के श्रीवास्तव एवं वीरेंद्र श्रीवास्तव को ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इनके मार्गदर्शन में मैचों का आयोजन संपन्न हो रहा है।



## खबर संक्षेप

### पंकज तेकाम को मध्यप्रदेश भाजपा में नई जिम्मेदारी, एसटी मोर्चा अध्यक्ष नियुक्त

**डिंडौरी।** भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश ने संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की हैं। इस सूची में पंकज तेकाम को एसटी मोर्चा अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।पूर्व सांसद और विधायक हेमंत खंडेलवाल (विधानसभा क्षेत्र 131, बैतूल) ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की। अधिसूचना में अन्य प्रमुख नियुक्तियाँ भी शामिल हैं— किसान मोर्चा अध्यक्षः जयपाल सिंह चावड़ा ,एससी मोर्चा अध्यक्षः भगवान सिंह परमार, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्षः पवन पाटीदार।पंकज तेकाम को यह जिम्मेदारी मिलने के बाद एसटी वर्ग से जुड़े मुद्दों और संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।हेमंत खंडेलवाल ने बताया कि इन नियुक्तियों का उद्देश्य राज्य संगठन को मजबूत करना और विभिन्न मोर्चों के माध्यम से जनसंपर्क व कार्यकुशलता बढ़ाना है।

### सायबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**डिंडौरी।** राष्ट्रीय सायबर जागरूकता अभियान के तहत नागरिकों को ऑनलाइन ठगी एवं सायबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक करने हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस अभियान के अंतर्गत लोगों को यह जानकारी दी गई कि ऑनलाइन पुलिस या सीबीआई कॉल ठगी का हिस्सा है, तथा ऐसी किसी भी कॉल या लिंक पर विश्वास न करें। अभियान के दौरान कस्बा शाहपुर पोस्ट ऑफिस के सामने,ग्राम बजाग बाजार, समनापुर गांधी चौक, कस्बा करंजिया, कस्बा अमरपुर, बैगान टोला मेहंदवानी पर सायबर सुरक्षा एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। नागरिकों को बताया गया कि अज्ञात नंबरों से आने वाले कॉल, लिंक या संदेशों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें।सायबर अपराध से बचने हेतु जागरूक रहना ही सबसे प्रभावी उपाय है।

### भक्ति भाव से महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव मनाया

**कटनी।** दिग.जैन समाज पंचायत के तत्वाधान में झंडा बाजार स्थित बड़े जैन मंदिर जी में भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प.पू. पदम सागर जी महाराज ने चर्चा करते हुये बतलाया कि आज से 2552 वर्ष पूर्व कार्तिक अमावश्या को बिहार के पवापुरी में भगवान महावीर स्वामी को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। मुनिश्री आगे कहा कि यह पूर्व आत्म शुद्धि त्याग शुद्धि और भगवान महावीर के उपदेशों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देता है और जैन धर्मालम्बि इस दिन दीपक जलाकर उनके ज्ञान रूपी प्रकाश को याद करते है। इसलिए हम सभी इस दिन को निर्वाण महोत्सव के रूप में मनाते है। इस अवसर पर पार्श्वनाथ दिग.जैन पंचायती मंदिर, चन्द्रप्रभ दिग.जैन मंदिर, पार्श्वनाथ दिग.कांच पंचायती मंदिर, शांतिनाथ दिग.जैन मंदिर, पार्श्वनाथ हाउसिंग बोर्ड जैन मंदिर, चन्द्रप्रभ दिग.जैन बंगला मंदिर , मुनिसुव्रत नाथ दिग.जैन (गौशाला) मंदिर, चेतनोदय तीर्थ स्थित समोशरण मंदिर, नंदीश्वर जिनालय मुनिसुरवत नाथ बड़े मंदिर एवं महावीर कीर्ति स्तंभ में विराजमान श्रीजी की मूर्ति के अभिषेक के साथ शहर के सभी जैन मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना और धर्मिक अनुष्ठान हुये धर्मानुरागी बन्धुओं माताओं बहनों ने भक्ति भाव के साथ निर्वाण चढ़ाये गये।

### राशन वितरण की धीमी गति पर जताई नाराज़गी

**कटनी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में अक्टूबर माह के खाद्यान्न वितरण की धीमी गति पर जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को सख्त निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि अब तक जिले का वितरण प्रतिशत मात्र 51 प्रतिशत है।

### सरपंच-सचिव सहित वेण्डर मिलकर शासन को लगा रहे चूना

# बगैर रॉयल्टी पंचायत में खनिज की हो रही सप्लाई

पंचायतों में सबका कमीशन तय है, ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाओं के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार ने गांव के विकास को प्रभावित किया है, चाहे वह निर्माण कार्य हो, या सरकारी योजनाओं का लाभ, हर स्तर पर घोटाले दिखाई दे रहे हैं, जांच के बाद दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई न होने के चलते घोटालों और भ्रष्टाचार की संख्या में दिन-प्रतिदिन इजाफा होता जा रहा है।

शहडोल।




अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की पुकार भी तत्काल सुनने की दुहाई देने वाली भाजपा सरकार केवल ढपोलशंख बजाती है, जबकि मैदानी सच कुछ और ही होता है। मुद्दे की बात यह है कि अफसरों की ड्योढियों में सैकड़ों फरियादी रोज नाक रगड़ते हैं और प्रतिवेदन देते हैं। सैकड़ों की तादात में शिकायतें व जांच प्रतिवेदन बस्तों में पड़े धूल खा रहे हैं, लेकिन कोई कार्यवाही करने वाला नहीं है, हद तो तब हो जाती है, जब प्रमाणित भ्रष्टाचार के मामले में अधिकारी निर्णय नहीं कर पाते तो, ऐसी स्थिति में न्याय का सिंहासन डोल जाता है और भ्रष्टाचार पनपता नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार हावी हो जाता है।

#### नहीं है पंचायत में रॉयल्टी

सरकार गांवों मे भवन निर्माण, स्टॉप डैम, आरसीसी रोड, नाली निर्माण बनाने पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं, लेकिन भ्रष्टाचार का आलम यह है कि ग्राम पंचायत में सभी निर्माण कार्य मानकों को ताक पर रखकर किया जा रहा है। जिले के गोहपारू जनपद की ग्राम पंचायत असवारी में निर्माण कार्य में लगे रहे लगभग बिल फर्जी की श्रेणी में आ चुके हैं। ग्राम पंचायत ने स्वतः जानकारी दी कि पंचायत में निर्माण सामग्री में उपयोग हुए खनिज की रॉयल्टी नही है। जिसका सीधा तत्पर्य यह है कि या तो पंचायत में कार्य नहीं हुआ या हुआ तो, चोरी का खनिज का उपयोग हुआ, या फिर पंचायत ने फर्जी बिल लगाया है। इस पूरे खेल के मास्टरमाइंड पंचायत सहित जनपद में बैठे जिम्मेदार हैं।

#### शासन के खजाने में सेंध

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा था कि पंच, सरपंच वह कड़ी है जो हमें सामथ्र्य देगा और हमारे सामथ्र्य से राज्य और देश शक्तिशाली बनेगा। उन्होंने कहा था कि लोकतंत्र में चुनी हुई व्यवस्था ही सबसे ऊपर होती है। उन्होंने कहा था कि केवल निर्माण कार्य करना ही पंचायत का काम नहीं है। उन्होंने कहा था कि जैसे आप सभी अपना परिवार चलाते हैं, अगर उसी प्रकार अपनी पंचायत को चलाएंगे तो विकास जरूर होगा, लेकिन असवारी में विकास के पहियों को ग्रहण लग चुका है, केवल और केवल निर्माण कार्य पर ध्यान केन्द्रित कर शासन के खजाने में सेंध लगाई जा रही है।

#### कायदों की उड़ रही धज्जियां

जनपद गोहपारू की ग्राम पंचायत असवारी में विद्यालय की बाऊण्ड्री निर्माण का कार्य प्रगति पर हैं, लेकिन किसी में कोई सूचना पटल नहीं लगाया गया। ये लापरवाही सरपंच, सचिव ने की ये तो सही है ,लेकिन सरपंच-सचिव के कार्य की निगरानी के लिये उपयंत्री, पंचायत समन्वयक के साथ जनपद सीईओ इन कार्यो का निरीक्षण करते हैं। उन्होंने भी सूचना पटल की ओर आज तक कोई ध्यान नहीं दिया ये सोचने की बात है। आश्चर्य की बात यह है कि पंचायत में वर्षो से खनिज सामग्री के बिल पास हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों ने आज तक रॉयल्टी की जांच नहीं की।

#### इनका कहना है...

पंचायत में रॉयल्टी नहीं है, इसकी जानकारी नहीं है, अगर किसी प्रकार से लापरवाही बरती गई है तो, मैं स्वतः इसकी जांच कराऊंगा।

**सुधीर दिनकर**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत गोहपारू**

## बालकों से कलेक्टर ने किया आत्मीय संवाद

उमरिया।



पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत लाभान्वित बच्चों के साथ कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने आत्मीय संवाद किया। कलेक्टर ने संवाद के दौरान बच्चों से उनकी शिक्षा, कैरियर, स्वास्थ्य, जीवन की संभावनाओं और भविष्य की उड़ान के विषय में चर्चा की। उन्होंने बच्चों को आत्मनिर्भर बनने,आत्मविश्वास के साथ आगे बढने तथा अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता ने बताया कि जिले में 2 हितग्राही बच्चों को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना से लाभांवित किया जा रहा है।कोविड बाल सेवा योजना से प्रति माह 5,000रू0की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है । पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना 10-10 लाख की स्थाई एफ.डी.,आयुष्मान भारत कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा , अन्य शासकीय योजनाओं के लाभ पात्रता अनुसार दिया जा रहा है ।

कलेक्टर ने कहा कि इन बच्चों का भविष्य हमारे लिए प्राथमिकता है। जिला प्रशासन इनकी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है ताकि ये बच्चे आत्मनिर्भर बनकर समाज में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकें।

## उल्लास- नव भारत साक्षरता कार्यक्रम किया जा रहा संचालित

**उमरिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के तहत 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त असाक्षरों को वर्ष 2027 तक मूलभूत साक्षरता प्रदान किए जाने के उद्देश्य से उल्लास- नव भारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया गया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु समस्त विभागो, जन प्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों का सहयोग लिया जा रहा है।**

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने आगामी परीक्षा (संभावित फरवरी 2026) की तैयारी हेतु सामाजिक चेतना केन्द्रों का सतत संचालन के साथ-साथ मॉनीटरिंग एवं कार्यक्रम की प्रगति हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी कार्य संपादन कराने एवं सहयोग हेतु लगाई है। उन्होने कहा है कि अधिकारियों द्वारा फील्ड विजिट अपने कार्य के साथ-साथ उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की भी मॉनीटरिंग एवं सहयोग किया जाए। जिला स्तर के सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभागों की योजनाओ से नवसाक्षरों/ असाक्षरों को जोडकर लाभ दिलवाए जाने हेतु जिला स्तर से कार्यवाही करावे।समस्त अधिकारी उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत प्रचार-प्रसार,सर्वे,असाक्षरों का चिन्हांकन,सामाजिक चेतना केन्द्रों के संचालन में सहयोग किया जाना आपेक्षित है। उक्त कार्य राष्ट्रीय महत्व एवं जिले को पूर्ण साक्षर करने हेतु एक महत्वपूर्ण सामाजिक एवं स्वयंसेवी कार्य है। जन-जन साक्षर सभी के लिये शिक्षा, बावत राष्ट्रीय महत्व को दृष्टिगत रखते हुए उल्लास - नव भारत साक्षरता कार्यक्रम में आवश्यक सहयोग/मॉनिटरिंग प्रदाय कर जिले को पूर्ण साक्षर बनाने के संकल्प को पूरा करने हेतु कृत संकल्पित होकर कार्य संपादित करेंगे।

## एसडीएम ने फसल पंजीयन केंद्र का किया निरीक्षण



**उमरिया।** एसडीएम बांधवगढ़ हरनीत कौर कलसी ने करकेली विकासखंड के तहसील बिलासपुर अंतर्गत सेक्टर निगहरी में कोदो कुटकी के पंजीयन केंद्र का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होने अब तक कोदो कुटकी के लिए हुए पंजीयन की जानकारी प्राप्त की तथा मौके पर इस कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।भ्रमण के दौरान तहसीलदार बांधवगढ़ दिलीप सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

## 27 अक्टूबर को एक्सेसिबल इलेक्शन की तिमाही बैठक

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार जिले के लिए जिला स्तर पर दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों की चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता व साझेदारी को सुनिश्चित करने, उनको दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा एवं उपायों को कारगर बना कर चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुलभ बनाने हेतु जिला स्तरीय समिति डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन (डीएमके) का पुर्नगठन किया गया है। समिति की तिमाही बैठक 27 अक्टूबर 2025 को समय अपरान्ह 12.30 बजे कलेक्टर सभागार कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

## 28 अक्टूबर को युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र खलेसर नाका उमरिया में एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 28 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से किया गया है।मेले में एसबीआई कार्ड उमरिया, उत्कर्ष माइक्रोफाईनेंस उमरिया, फोन पे उमरिया, फ्लिपकार्ट उमरिया,प्रथम एजुकेशन जबलपुर, एसआईएस अनूपपुर, एलआईसी उमरिया,मोबाइल पे, टी एस पी एल ग्रुप पुणे, राव्या वर्क फोर्स, श्रीराम फाइनेंस की कंपनी भाग लेगी ।

# दीपावली के बाद छठ पर्व का उत्साह, धूमधाम से की जायेगी छठ पूजा

हरिभूमि न्यूज कोतमा।



छठ पूजा एक प्रमुख भारतीय त्योहार है। जिसे खासतौर पर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और नेपाल में मनाया जाता है। यह पूजा सूर्य देवता और छठ माता की आराधना के लिए होती है जो जीवन देने वाली ऊर्जा का प्रतीक माने जाते हैं। इस पूजा का आयोजन कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से सप्तमी तक किया जाता है। इस दौरान भक्त सूर्य देवता से स्वास्थ्य, समृद्धि और खुशियों की कामना करते हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसको लेकर कोयलांचल क्षेत्र के कोतमा बिजुरी राजनगर रामनगर भालूमाड़ा जमुना कालरी में बाजारों में छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दुकानें सज गई है। बांस से बने टोकरी सूपा की दुकानों में महिलाएं पुरुष पहुंचकर खरीददारी करने लगे हैं। नदी घाटों की साफ-सफाई शुरू कर दी गई है। पंचांग के मुताबिक हर साल कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से छठ पूजा के पर्व की शुरुआत होती है। इस व्रत को सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। ये पर्व पूरे तीन दिन तक चलता है और माताएं परिवार की सुख-शांति के लिए तीन दिन का ये कठिन व्रत रखती हैं। लोक आस्था महापर्व छठ शुरू होने में महज 48 घंटे शेष है। 25 अक्टूबर, शनिवार से नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान के साथ कार्तिक छठ पर्व शुरू हो रहा है। इस दिन छठ व्रती नियम-धर्म से सात्विक भोजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण करेंगे। छठी मइया को ध्यान कर छठ पूजा का संकल्प नहाय-खाय पर ही लेने का विधान है। इस दिन छठी मइया और आदित्य देव के लिए गीत गाकर उनका आह्वान किए जाने की परंपरा है। 26 अक्टूबर, रविवार को खरना है। इस दिन छठ व्रती पूरी निष्ठा से छठी मइया को खीर का प्रसाद बनाकर भोग लगाती हैं। लोहंडा का यह प्रसाद घर-परिवार और पास-पड़ोस में जनमानस को ग्रहण कराने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि खरना का प्रसाद ग्रहण करने से जीवन के सारे दूख दूर होते हैं। छठी मइया व्रती की सारी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। 27 अक्टूबर, सोमवार को अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को संध्याकालीन अर्घ्य अर्पण किया जाएगा। इस दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ व्रती अपने परिवार की सुख-समृद्धि और संतति वृद्धि की कामना आदित्य देव से करते हैं। ऐसी मान्यता है कि ढलते सूरज को जल चढ़ाने से भगवान दिनकर छठ व्रती को भर-भरकर आशीष देते हैं। 28 अक्टूबर, मंगलवार को उदीयमान सूर्य को प्रातःकालीन अर्घ्य दिया जायेगा। इस दिन दीनानाथ के उगते स्वरूप का दर्शन कर छठ व्रती खुशहाली की कामना करती हैं। परिवार के लोग भी छठ व्रती को सामने से दूध-जल का अर्घ्य अपर्ण कर अपनी निष्ठा प्रकट करते हैं। छठी मइया से मंगल कामनाएं की जाती हैं। छठ पूजा का प्रसाद छठ घाट पर ही ग्रहण करने का विधान है। अंतिम चरण में छठ व्रती पारण कर चार दिवसीय छठ पर्व का अनुष्ठान समाप्त करती हैं।

#### छठ पूजा चार दिनों में होती है संपन्न

नहाय-खायः पहला दिन नहाय-खाय कहलाता है। इस दिन भक्त स्नान करते हैं और खास भोजन तैयार करते हैं, जिसमें चावल, अरवा दाल और कद्दू शामिल होते हैं। इस दिन का उद्देश्य शरीर को पवित्र करना और पूजा की तैयारी करना होता है। खरनाः दूसरे दिन को खरना कहते हैं। इस दिन व्रति उपवास रखती हैं और दिनभर फल-फलों का सेवन करती हैं। शाम को पूजा के दौरान गुड़ और चावल की खीर बनाई जाती है, जिसे परिवार के सदस्यों के साथ बांटा जाता है। संध्या अर्घ्यः तीसरे दिन संध्या अर्घ्य दिया जाता है। भक्त सूर्यास्त के समय नदी या तालाब के किनारे जाकर सूर्य देवता को अर्घ्य अर्पित करते हैं। इस दौरान विशेष रूप से ठेकुआ और अन्य पकवान तैयार किए जाते हैं। सुबह अर्घ्यः अंतिम दिन सुबह सूर्योदय के समय पुनः अर्घ्य अर्पित किया जाता है। इस समय लोग सूर्य को जल अर्पित करते हैं और उनकी कृपा की कामना करते हैं।

#### 36 घंटे का होता है निर्जला व्रत

हिन्दू धर्म में छठ पूजा में छठी मैया और सूर्य देवता की विधि-विधान से पूजा की जाती है. दिवाली के छह दिन बाद छठ पर्व मनाया जाता है. छठ पूजा चार दिनों तक चलता है, जिसमें शुरुआत होती है नहाय-खाय और खरना से. फिर डूबते और उगते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाता है। इसमें व्रती महिलाएं नदी में कमर तक जल में डूबकर सूर्यदेवता को अर्घ्य देकर उनकी पूजा करती हैं। इसमें 36 घंटों तक निर्जला व्रत रखा जाता है, जो बेहद ही कठिन माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, छठी मइया की पूजा करने से व्रती को आरोग्यता, सुख-समृद्धि, संतान सुख का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## सिकल सेल एनीमिया शिविर का किया गया आयोजन



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा मे स्वास्थ्य विभाग अनूपपुर एवं जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी संस्था के सहयोग से सिकल सेल एनीमिया का शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा मे सिकल सेल एनीमिया खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर के एल दीवान के सहयोग से शिविर मे सिकल सेल एनिमिया से ग्रसित लगभग 84 मरीजों का उपचार करते हुए औषधीय वितरित किया गया। शिविर मे डाक्टर संगीता प्रजापति द्वारा सभी मरीजों की जांच की करते हुए लगभग 29 मरीजों को वैक्सिनेशन किया गया ।एड आन थेरेपी के अंतर्गत आयुर्वेदिक औषधियां सितो पलादि चूर्ण त्रिकुट चूर्ण त्रिफला चूर्ण आदि रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली औषधियां वितरण किया गया। सिकल सेल एनिमिया से ग्रसित मरीजों को बचने के उपाय बताए गए। जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी से रोशन राठौर लक्ष्मी पाठक काउंसलर उमा साहू सीएचओ रागिनी साहू विनीता शुक्ला राधा सोनवानी एवं एएनएम की उपस्थित रही।

## डिंडौरी जिला चिकित्सालय में 800 बिस्तरों का होगा उन्नयन



**डिंडौरी।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित कैबिनेट बैठक में डिंडौरी जिले के स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने से जुड़ा बड़ा निर्णय लिया गया है। बैठक में प्रदेश के पांच जिलों टीकमगढ़, नीमच, सिंगरौली, श्योपुर और डिंडौरी के जिला चिकित्सालयों में 800 बिस्तरों के उन्नयन को मंजूरी दी गई है। साथ ही इन अस्पतालों के संचालन एवं सेवाओं के विस्तार के लिए 810 नए पदों की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जानकारी दी कि मरीजों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए अब इन अस्पतालों में बेड की संख्या 1000 से बढ़ाकर 1800 की जा रही है। इससे डिंडौरी सहित समूचे अंचल के मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस निर्णय से डिंडौरी जिला चिकित्सालय को आधुनिक उपकरण, अतिरिक्त विशेषज्ञ डॉक्टर और स्टाफ मिल सकेगा।

## वृंदावन ग्राम चयन के लिए अधिकारियों ने किया सरवाही ग्राम का निरीक्षण



**डिंडौरी/शहपुरा।** वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित किए जाने वाले ग्राम के निर्धारण हेतु 23 अक्टूबर 2025 को शहपुरा एसडीएम, एपीओ मनरेगा, एसडीओ आरईएस एवं पीसीओ ने संयुक्त रूप से ग्राम सरवाही का निरीक्षण किया। वृंदावन ग्राम योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से एक ग्राम का चयन किया जाना है, जिसे सोलर इलेक्ट्रिफिकेशन, गौशाला स्थापना, ग्राम सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास जैसे कार्यों के माध्यम से मॉडल ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्राम में चल रहे निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने ग्रामवासियों से चर्चा कर विकास संबंधी आवश्यकताओं और सुझावों को भी जाना।अधिकारियों ने कहा कि चयनित ग्राम को विकास की दृष्टि से आदर्श बनाना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है, ताकि अन्य ग्राम भी इसके अनुरूप प्रेरित होकर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो सकें।

## कलेक्टर ने धान उपार्जन कार्य की समीक्षा कर अधिकारियों को दिये निर्देश

# दलालों और बिचौलियों पर रखें पैनी नजर, उड़न दस्ता दल एवं नोडल अधिकारियों की करें तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में दिसंबर माह से समर्थन मूल्य पर संभावित धान उपार्जन कार्य, किसानों की सुविधा और पारदर्शिता तथा मजबूत निगरानी तंत्र की देखरेख में सुनिश्चित किया जाय। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा के दौरान दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने धान उपार्जन कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान उपार्जन में दलालों-बिचौलियों और व्यापारियों पर पैनी नजर रखी जाये। उन्होंने इसके लिये उड़नदस्ता दल गठित करने और प्रत्येक खरीदी केन्द्र के लिये नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने की हिदायत दी।



### अधिकारियों को दी हिदायत, किसानों को न हो असुविधा

कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संभावित उपार्जन केन्द्रों का आकलन करें। गोदामों की मैपिंग करें और फिर गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों की सूची तैयार करें। उन्होंने अधिकारियों को दो-टूक लहजे में हिदायत दी कि उपार्जन केन्द्र इस प्रकार बनाये जायें कि किसानों को अपने खून-पसीनें की मेहनत से पैदा की गई धान की उपज को बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा और परेशानी न हो।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने 1 हजार मीट्रिक टन या उससे अधिक रिक्त क्षमता वाले गोदामों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश जिला प्रबंधक म.प्र. वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन को दिये। कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा निर्देश दिये गये कि जिन गोदामों में उपार्जन केन्द्र स्थापित किये जाने हैं, वहां चावल का भण्डारण न कराया जाये। इसे सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रबंधक म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन को आदेशित किया गया। साथ ही मंडी सचिव एवं उपसंचालक कृषि को निर्देश दिये गये कि मंडी में होने वाली धान की आवक तथा व्यापारियों के पास उपलब्ध धान के स्टॉक की नियमित मॉनीटरिंग की जाये। ताकि उपार्जन केन्द्रों में धान की रिसायक्लिंग को रोका जा सके।

### उर्वरक उपलब्धता की ली जानकारी

कलेक्टर श्री तिवारी ने रबी की फसल और मुख्यतः गेहूँ की बुवाई शुरू होने के बाद इसके लिये जरूरी उर्वरकों का आकलन और उपलब्धता की स्थिति की भी समीक्षा की। बताया गया कि जिले में आगामी माहों में होने वाली फसलों की बुवाई के नजरिये से जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता है। उपसंचालक ने बताया कि जिले में वर्तमान में 4 हजार 354 मीट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता है। जबकि 5 हजार 629 मीट्रिक टन डीएपी तथा 3 हजार 204 मीट्रिक टन एनपीकेएस तथा 10 हजार 671 मीट्रिक टन एसएसपी उपलब्ध है। कलेक्टर श्री तिवारी ने उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, टैगिंग, मिस ब्रांडिंग, गुणवत्ताहीन उर्वरक बिक्री करने वाले और अवैध परिवहनकर्ताओं सहित इस प्रकार के कार्यों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत एफआईआर कराने जैसी कार्रवाई के भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने धोखाधड़ी में लिप्त खाद विक्रेताओं का लायसेंस निलंबित करने जैसी कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

### मझगवां में नकद विक्रय केन्द्र शुरू

बड़वारा अंचल के किसानों की सुविधा के लिये मझगवां में डबल लॉक का एक उर्वरक नगद विक्रय केंद्र शुरू किया गया है। कृषक यहां से भी नगद में उर्वरक प्राप्त कर सकते है।

### नापतौल निरीक्षक करें कार्यवाही

कलेक्टर ने निरीक्षक नापतौल को विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 अंतर्गत कार्यवाही के प्रावधानों के सम्बंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ विगत वर्षों में धर्मकांटों में तौल सम्बंधी हुई व्यापक गड़बड़ियों की जानकारी जिला उपार्जन समिति द्वारा दिये जाने पर कलेक्टर श्री तिवारी ने नापतौल निरीक्षक को निर्देशित किया कि इस बार ऐसे प्रकरण संज्ञान में आने पर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करें जिससे व्यवस्था में सुधार लाया जा सके।

बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, उपसंचालक कृषि डॉ. रामनाथ पटेल, मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक देवेन्द्र तिवारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला, सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील, मप्र वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कारपोरेशन के जिला प्रबंधक श्री सेंगर, जिला विपणन अधिकारी आनंद नारायण पाण्डेय, नापतौल निरीक्षक माजिद खान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कोदो-कुटकी की खरीदी के लिए 11 पंजीयन एवं उपार्जन केन्द्र बने

**कटनी।** रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर कटनी जिले के इतिहास में किसानों से पहली बार कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जायेगा। इसके लिए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने किसान भाइयों से आग्रह किया है कि वे असुविधा से बचने,अंतिम तिथि के पहले ही 24 अक्टूबर तक अपना पंजीयन अवश्य करवा लेंवे। कलेक्टर ने किसानों की सुविधा और सहूलियत के मद्देनजर कोदो-कुटकी की खरीदी के लिए 11 पंजीयन केन्द्र बनाए हैं। जिले में 11 पंजीयन केन्द्रों यथा बी पैक्स सहकारी समिति मर्यादित विजयराघवगढ, सिनगौड़ी, रीठी, बकलेहटा, पिपरियाकला, बड़वारा, विलायतकॅला, झिन्ना पिपरिया, सिलौड़ी, स्लीमनाबाद तथा विपणन सहकारी समिति कटनी का निर्धारण किया गया है। इन केन्द्रों पर कृषकों द्वारा पंजीयन कराया जा सकता है और शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

### 2836 हेक्टेयर में खेती

जिले में करीब 2 हजार 836 हेक्टेयर से अधिक भू-क्षेत्र में कोदो -कुटकी की खेती की जाती है। जिले का विजयराघवगढ़ क्षेत्र कोदो-कुटकी के उत्पादन में अग्रणी है। यहां के अलावा बड़वारा, ढीमरखेड़ा और रीठी क्षेत्र में भी कोदो -कुटकी की बढ़-चढ़ कर खेती की जाती है।

खबर संक्षेप



### भक्ति भाव से महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव मनाया

**कटनी।** दिग.जैन समाज पंचायत के तत्वाधान में झंडा बाजार स्थित बड़े जैन मंदिर जी में भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प.पू. पदम सागर जी महाराज ने चर्चा करते हुये बतलाया कि आज से 2552 वर्ष पूर्व कार्तिक अमावश्या को बिहार के पवापुरी में भगवान महावीर स्वामी को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। मुनिश्री आगे कहा कि यह पूर्व आत्म शुद्धि त्याग शुद्धि और भगवान महावीर के उपदेशों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देता है और जैन धर्मालम्बि इस दिन दीपक जलाकर उनके ज्ञान रूपी प्रकाश को याद करते है। इसलिए हम सभी इस दिन को निर्वाण महोत्सव के रूप में मनाते है। इस अवसर पर पार्श्र्वनाथ दिग.जैन पंचायती मंदिर, चन्द्रप्रभ दिग.जैन मंदिर, पार्श्र्वनाथ दिग.कांच पंचायती मंदिर, शांतिनाथ दिग.जैन मंदिर, पार्श्र्वनाथ हाउसिंग बोर्ड जैन मंदिर, चन्द्रप्रभ दिग.जैन बंगला मंदिर , मुनिसुव्रत नाथ दिग.जैन (गौशाला) मंदिर,चेतनोदय तीर्थ स्थित समोशरण मंदिर, नंदीश्वर जिनालय मुनिसुरवत नाथ बड़े मंदिर एवं महावीर कीर्ति स्तंभ में विराजमान श्रीजी की मूर्ति के अभिषेक के साथ शहर के सभी जैन मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना और धर्मिक अनुष्ठान हुये धर्मानुरागी बन्धुओं माताओं बहनों ने भक्ति भाव के साथ निर्वाण चढ़ाये गये।

### राशन वितरण की धीमी गति पर जताई नाराज़गी

**कटनी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में अक्टूबर माह के खाद्यान्न वितरण की धीमी गति पर जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को सख्त निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि अब तक जिले का वितरण प्रतिशत मात्र 51 प्रतिशत है। इस बेहद कम प्रतिशत पर वरिष्ठ अधिकारियों ने अप्रसन्नता व्यक्त की है तथा 31 अक्टूबर के पूर्व वितरण पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री परिहार ने सभी उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन दुकानों में नागरिक आपूर्ति निगम कटनी से अक्टूबर माह की वितरण सामग्री प्राप्त हो चुकी है, उसे तत्काल पीओएस मशीन में रिसीव कर 31 अक्टूबर से पूर्व शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करें। इसके बाद वितरण की अवधि में वृद्धि नहीं की जायेगी।

### कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ ना हो भेदभाव

**कटनी।** श्रम विभाग ने समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के पालन के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि समस्त कारखानों, वाणिज्यिक, शासकीय संस्थानों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में पुरुष और महिला श्रमिकों को समान कार्य पर समान वेतन देना अनिवार्य है।

## युवक के साथ मारपीट करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम हथियागढ मे विगत 21 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे कमलेश चौधरी को छाहुर घुमाने से मना करते हुए उसके साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दिया। इस मामले में बहोरीबंद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया की दिवाली पर्व पर कमलेश लाठी में छाहुर बांधकर घुमाने का काम करता है जिसे गाव के पुष्पेन्द्र ठाकुर, राहुल ठाकुर, गोला उर्फ ज्ञानी विश्वकर्मा, सचिन विश्वकर्मा, टट्टू ठाकुर उर्फ बृजभान सिह ने विवाद करते हुये छाहौर घुमाने से मना करते हुए जाति सूचक शब्दो का प्रयोग कर उसके साथ मारपीट की। कमलेश चौधरी की रिपोर्ट पर बहोरीबंद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएसएस 3(2) va 3(1) द, 3(1) ध एससी /एसटीएक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा एव अति. पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया व स्लीमनाबाद एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बहोरीबंद निरीक्षक अखलेश दाहिया व्दारा मामले की गंभीरता को देखते हुये, पुलिस टीम के साथ मामले के आरोपियो पुष्पेन्द्र ठाकुर पिता मंगल सिह ठाकुर ( राजपूत) उम्र 28 वर्ष, राहुल ठाकुर उर्फ देवेन्द्र सिह ठाकुर पिता बृजभान सिह ठाकुर (राजपूत) उम्र 52 वर्ष, टट्टू उर्फ बृजभान सिह पिता लल्ला सिह ठाकुर ( राजपूत) उम्र 58 वर्ष एवं गोला उर्फ ज्ञानी विश्वकर्मा पिता सुखचैन विश्वकर्मा उम्र 46 वर्ष निवासी हथियागढ बहोरीबंद, सचिन पिता कृष्ण कुमार विश्वकर्मा उम्र 33 वर्ष सभी निवासी हथियागढ को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई।

जुर्म करना स्वीकार करने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय कटनी में पेश किया गया जहां से उसे जिला जेल कटनी भेज दिया गया।

कार्रवाई में निरीक्षक थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, उनि. धनजंय पाण्डेय, सउनि. अनुराग पाठक, प्र.आर. भोलाराम गुप्ता, आर. कोमल सिह, अतुल श्रीवास्तव, दीपक सिह, बृजेश सिह की सराहयनीय भूमिका रही।

*निगमायुक्त ने सफाई व्यवस्था की समीक्षा कर दिये आवश्यक निर्देश*

## पहले सफाई व्यवस्था करें दुरूस्त, बाद में करें स्पॉट फाइन, समन्वय से करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर की सफाई व्यवस्था तभी दुरुस्त होगी जब प्रत्येक वार्ड में तय प्लानिंग के साथ सड़कों एवं नाले-नालियों की सफाई की जाए। वर्तमान में नगर में की जा रही सफाई व्यवस्था मे काफी सुधार की आवश्यकता है। नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था मेरी प्राथमिकता में शामिल है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उक्त आशय के निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बुधवार को आयोजित स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारी - कर्मचारियों को दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा सफाई कार्य में संलग्न कुल कर्मचारियों की संख्या एवं नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने में आ रही समस्याओं की जानकारी वार्ड दरोगा से एक-एक कर ली तथा एमएसडब्ल्यू प्रबंधन एवं नगर निगम के स्वास्थ्य अमले को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने नगर के शत-प्रतिशत घरों से डोर टू डोर कचरे का संग्रहण निर्धारित समय पर करने, कचरा वाहन नहीं आने की दिशा में अवगत कराने, तथा एम एस डब्ल्यू के सुपरवाइजर को वार्डो का भ्रमण करने के निर्देश देते हुए किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर बिलों में कटौती किए जाने की हिदायत दी। वहीं निगमायुक्त ने वार्डवार पूर्व में आवंटित एवं मरम्मत योग्य व आवश्यकता अनुरूप नवीन हाथ ठेलों की जानकारी प्रदान करने के साथ ही नगर में संचालित डेयरी की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए।



निगमायुक्त ने सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी करने वालों पर किए जाने वाले स्पॉट फाइन की प्रक्रिया से अवगत होते हुए निर्देशित किया कि पहले वार्डवार सड़कों एवं नालियों की सुचारू सफाई हेतु प्लानिंग तैयार कर उसपर अमल करते हुए सफाई कर्मचारियों के माध्यम से व्यवस्था दुरुस्त करावें। इसी तरह मार्केट एरिया की भी व्यवस्थित सफाई हेतु सतत निगरानी करने एवं रात्रिकालीन कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से दुकानों से निकलनें वाला कचरा एकत्रित कर नगर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करनें के उपरांत ही गंदगी फैलानें वालों पर स्पॉट फाइन करने के निर्देश दिए।

*स्लीमनाबाद, बहोरीबंद में सामूहिक रूप से हुआ आरती एवं पूजन*

## भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण महोत्सव पर जैन मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2552 वां निर्वाण महोत्सव दीपावली पर्व पर उत्साह पूर्वक मनाया गया। बुधवार को स्लीमनाबाद, तेवरी,बहोरीबंद व बाकल के पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिरों मैं विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए।स्लीमनाबाद स्थित पाश्रवनाथ दिगंबर जैन मंदिर मे निर्माण महोत्सव के अवसर पर प्रातः मंदिर में मूलनायक भगवान महावीर का मस्तिकाभिषेक शांतिधारा पूजन निर्माणकांड तथा निर्वाण लाडू चढ़ाए गए ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज बंधुओ ने उपस्थित होकर सामूहिक संगीतमय पूजन आरती आदि के कार्यक्रम सानंद संपन्न किए गए( कार्यक्रम सकल जैन समाज की उपस्थिति मे सम्पन्न किये गये। इस दौरान अध्यक्ष श्रेयांश जैन, निर्मलचंद्र जैन, प्रदीप जैन, संजय जैन,आकेश जैन, मयूर जैन,बबला जैन,पप्पू जैन, नीशू जैन सहित सकल जैन समाज की उपस्थिति रही।



तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी का 2552 वां निर्माण महोत्सव बाकल में भी उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया गया!इस अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर की में प्रातः अभिषेक पूजन शांतिधारा भगवान महावीर स्वामी का भक्ति संगीत मय पूजन निर्माणकांड सामूहिक आरती एवं निर्माण लाडू चढ़ाये गए( दोपहर मे दीपावली पूजन,सायं संध्या आरती भक्ताम्बर पाठ आदि के कार्यकम देखे गये।

इस दौरान समाज अध्यक्ष जीवनधर मोदी, नरेंद्र सिंघई, डा सुबोध मोदी, सौरभ साहूकार, अशोक सिघई, वीरेन्द्र सिंघई, मनोज मोदी,अजय अहिंसा,सुरेंद्र सिंघई, संजय मोदी, संजय सिंघई, पवन मोदी, राजेंद्र सिंघई, अनिल मोदी,आनंद जैन, विवेक जैन, अभिनव जैन,विनीत सिंघई, राजेन्द्र जैन,नरेश जैन,कैलाश चंद जैन सहित महिला मंडल युवा मंडल की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

दिगंबर आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से देश भर में संचालित उपक्रमों की रंगोली मैं बाकल की रंगोली खूब सराही गई जिसमें पूर्ण प्रतिभाशाली हथकरघा गौशाला गुरुकुल पद्धति भाग्योदय को रेखांकित रंगोली गाथा मोदी दर्शिका मोदी हारा बनाई गई।

### बहनों ने भाईयों को तिलक लगाकर दीर्घायु होने की कामना



बड़वारा नगर में भाई दूज का पर्व बहनों ने बड़े ही उल्लास व आस्था के साथ मनाया। बहनों ने थाली में रोली तिलक मीठा सजाकर अपने अपने भाइयों के माथे ललाट में तिलक लगाकर भाइयों की आरती उतारकर प्रेम स्नेह पूर्वक भाई दूज मनाया। बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर मीठा खिलाकर भाइयों की लंबी दीर्घ जीवन की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट किये ।कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज का पर्व मनाते हैं। भाई दूज हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। रक्षाबंधन की तरह ही यह त्योहार भी भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करती हैं। विवाहित बहनें अपने भाइयों को घर आमंत्रित करती हैं, उन्हें सूखा नारियल भेंट करती हैं और स्नेहपूर्वक भोजन कराती हैं। ऐसा माना जाता है कि भाई दूज के दिन बहन के घर जाकर भोजन करने से भाई की आयु बढ़ती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

### महापौर श्रीमती सूरी की अध्यक्षता में मेयर-इन-काउंसिल की बैठक आयोजित

## प्रस्तावों को स्वीकृति हेतु परिषद बैठक के समक्ष रखे जाने सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर पालिक निगम कार्यालय में आयोजित मेयर इन काउंसिल की बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा उपरांत अनुशंसा प्रदान करते हुए प्रस्तुत प्रस्तावों को परिषद बैठक के समक्ष स्वीकृति हेतु रखने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुरेन्द्र गुप्ता, सुभाष शिब्बू साहू, जयनारायण निषाद, गोविंद चावला, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा, तुलसा गुलाब बेन, सहित निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में जी.एस.टी. 2.0 रिफार्म के समर्थन एवं धन्यवाद के प्रस्तुत प्रस्ताव पर सहायक लेखापाल श्रीकांत तिवारी द्वारा बताया गया कि हाल ही में केंद्र सरकार के नेतृत्व में वस्तु एवं सेवा कर जी.एस.टी की दरों में ऐतिहासिक बदलाव कर आमजन, व्यापारियों, एवं उद्योगों को बड़ी राहत प्रदान की गई है। इस जनहितैषी निर्णय ने देश को एक राष्ट्र एक कर एक बाजार की दिशा में सशक्त रूप से आगे बढ़ाया है। पारदर्शी और सरल कर प्रणाली से आर्थिक गतिविधियों में तीव्रता आई है तथा इससे राज्यों और नगरीय निकायों के राजस्व में बढ़ोतरी होगी। इस संकल्प में मध्य प्रदेश के नगर निकायों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगरीय निकाय न केवल नागरिक सुविधाओं के संवाहक हैं बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाले अग्रिम स्तंभ भी हैं।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा एक समृद्ध, स्थिर और उत्तरदायी भारत के निर्माण के लिए एकजुट होकर इन ऐतिहासिक कार्य का समर्थन करते हुए वस्तु एवं सेवा कर की दरों में ऐतिहासिक कमी हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित कर एकमतेन होकर प्रस्ताव की अनुशंसा की गई तथा स्वीकृति हेतु निगम परिषद की बैठक के समक्ष रखे जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

वहीं बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव कमांक 2 आत्मनिर्भर भारत संकल्प के संबंध में राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक एवं सिटी मिशन मैनेजर ने बताया कि शासन निर्देशानुसार भारत सरकार की डे एन यू एल एम योजनान्तर्गत महिला स्व-सहायता समूहों का गठन कर महिला सशक्तिकरण को बढावा दिया जा रहा है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जैसे खादी वस्त्र का निर्माण एवं विक्रय, आर्टिफिसियल ज्वैलरी निर्माण, आचार पापड़, बरी निर्माण एवं विक्रय, मसाले निर्माण पैकिंग एवं विक्रय, बास के बर्तन निर्माण विक्रय आदि कार्यों से जोडकर स्वदेशी अपनाने एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग से न केवल देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलता बल्कि स्थानीय उद्योगों, कारीगरों और उद्यमियों को भी प्रोत्साहन प्राप्त होता है जिससे आत्मनिर्भर निकाय की दशा में महत्वपूर्ण सहायक सिद्ध होगा। बैठक में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के प्रस्तुत उक्त महत्वपूर्ण प्रस्ताव का भी सभी सदस्यों द्वारा अनुमोदन करते हुए स्वीकृति हेतु परिषद के समक्ष प्रस्तुत करनें का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

बैठक के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अनुमति से नगर की सुगम आवागमन हेतु विभिन्न मार्गो के गढडों की फिलिंग, आगामी शीत ऋतु हेतु अलाव व्यवस्था, अधोसंरचा सहित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो, सफाई व्यवस्था, सीवर लाईन विस्तार उपरांत सड़कों के रेस्टोरेशन कार्य सहित स्वसहायता समूहों की जानकारी, आवारा मवेशियों के विचरण पर नियंत्रण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिसपर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन विषयों पर त्वरित कार्यवाही करनें हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## कलेक्ट्रेट एवं जिपं परिसर में जुलूस, आम सभा एवं नारेबाजी पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्ट्रेट कार्यालय और जिला पंचायत परिसर में जुलूस, आम सभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य प्रभावित होने एवं परिशांति भंग होने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट नीलांबर मिश्र ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंचायत परिसर में 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र, सभा स्थल, जुलूस, नारेबाजी आदि पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल, छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुए 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित किया गया है।

इसी प्रकार कोई भी राजनैतिक दल, यूनियन छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में जुलूस, आमसभा या नारेबाजी, ज्ञापन आदि सौंपे जाने से 3 दिन पूर्व उप खण्ड मजिस्ट्रेट, कटनी से विधिवत लिखित में अनुमति प्राप्त करेगा एवं ज्ञापन सौंपे जाने हेतु कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार (मेन गेट नं. 1 एवं 2) पर 50 व्यक्ति या संगठन कार्यकर्ता होने पर मुख्य द्वार पर ही अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 50 व्यक्तियों से कम व्यक्ति शांतिपूर्ण ढंग से कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए कलेक्टर परिसर के मेन गेट पर अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

## खबर संक्षेप

### समय पर कार्य न करने वाले ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट: कलेक्टर

डिंडौरी। कलेक्ट्रेट सभागार डिंडौरी में शुक्रवार को जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले में चल रहे नल-जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों को काली सूची (ब्लैकलिस्ट) में डालने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रदेश परस्ते, विधायक ओमकार मरकाम, विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जनपद अध्यक्ष आशा धुर्वे, पवन्ती कुशराम, रामप्रसाद तेकाम, गीता पट्टा, फूलकली मरावी, सीईओ जिला पंचायत दीपांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर बैद्यनाथ वासनिक, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित अन्य सदस्य, विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेकेदार मौजूद रहे।बैठक में बताया गया कि जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 454 ग्राम और जल निगम मर्यादित को 450 ग्राम आवंटित किए गए हैं। 168570 घरों में नल जल कनेक्शन का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से अब तक 107422 घरों में पेयजल कनेक्शन दिए जा चुके हैं।कलेक्टर भदौरिया ने जल निगम मर्यादित की धीमी कार्यप्रगति पर नाराजगी जताते हुए महाप्रबंधक को सप्ताह में तीन दिन डिंडौरी में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन से कोई भी बस्ती या बसाहट छूटनी नहीं चाहिए। यदि लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पूर्ण योजनाओं को जनपद पंचायत सीईओ से अनुमोदन प्राप्त कर हस्तांतरित किया जाए और "हर घर जल" की जानकारी समय से दी जाए। साथ ही ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था के लिए हैंडपंपों की मरम्मत योजना तैयार करने, क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत और विद्युत समस्या वाले क्षेत्रों में शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि जिन ठेकेदारों ने निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं किया, उनके अनुबंध निरस्त किए जाएंगे और उन्हें ब्लैकलिस्ट में डाला जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि नल-जल योजना पूर्ण हो जाने के बाद सरपंच, सचिव एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से छूटे हुए घरों को योजना से जोड़ा जाए, ताकि जिले का कोई भी परिवार पानी की समस्या से वंचित न रहे।

### ना चेतावनी काम आई, ना नोटिस, अब होगी कार्रवाई, 24 अक्टूबर को हटेगा कब्जा

डिंडौरी। ग्राम पंचायत अमरपुर (जनपद पंचायत अमरपुर) द्वारा शासकीय भवन पर किए गए अवैध कब्जे को लेकर सख्त रुख अपनाया गया है। पंचायत ने पंचायत राज अधिनियम की धारा 56 के तहत 24 अक्टूबर 2025 को दोपहर 12 बजे बेदखली की कार्यवाही करने का निर्णय लिया है।ग्राम पंचायत द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि दिलीप कुमार पिता सेवाराम रघुवंशी, संजय सिगौरे पिता रामनाथ सिगौरे, खेमराज कछवाहा पिता बलराम कछवाहा तथा राजेंद्र कुमार बर्मन पिता समारूलाल बर्मन, सभी निवासी ग्राम अमरपुर, को कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद उन्होंने शासकीय भूमि को खाली नहीं किया। पंचायत ने क्रमांक 04 दिनांक 15 अक्टूबर 2025 के प्रस्ताव के अनुसार कार्रवाई का निर्णय लिया है। इस संबंध में कलेक्टर डिंडौरी, अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अमरपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमरपुर, और थाना प्रभारी समनापुर व चौकी प्रभारी अमरपुर को सूचना प्रेषित की गई है। कार्यवाही के दिन राजस्व अमले व पुलिस बल सहित महिला बल की उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है ताकि बेदखली की कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।

## नहाय-खाय के साथ आज से होगी छठ महापर्व की शुरूआत

# जिले भर में छठ पूजा की तैयारी हुई पूरी, तालाब में हर्षोल्लास से होगा आयोजन

### 28 अक्टूबर को सूर्योदय के अर्घ्य के साथ छठी मैया की पूजा होगी संपन्न

छठ पूजा एक प्रमुख भारतीय त्यौहार मे से एक है। जिसे खासतौर पर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और नेपाल में मनाया जाता है। यह पूजा सूर्य देवता और छठ माता की आराधना के लिए होती है जो जीवन देने वाली ऊर्जा का प्रतीक माने जाते हैं। इस पूजा का आयोजन कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से सप्तमी तक किया जाता है। इस दौरान भक्त सूर्य देवता से स्वास्थ्य, समृद्धि और खुशियों की कामना करते हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसको लेकर जिले भर के बाजारों में छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बांस से बने टोकरी सूपा की दुकानों में महिलाएं पुरुष पहुंचकर खरीददारी करने लगे हैं। नदी घाटों की साफ-सफाई शुरू कर दी गई है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

25 अक्टूबर शनिवार यानि आज से नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान के साथ कार्तिक छठ पर्व शुरू हो रहा है। इस दिन छठ व्रती नियम-धर्म से सात्विक भोजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण करेंगे। छठी मइया को ध्यान कर छठ पूजा का संकल्प नहाय-खाय पर ही लेने का विधान है। इस दिन छठी मइया और आदित्य देव के लिए गीत गाकर उनका आह्वान किए जाने की परंपरा है।







### जिला मुख्यालय में तैयारी हुई पूरी

छठ पूजा समिति के तत्वावधान में 23 अक्टूबर को आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी छठ मैया का पूजन हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 25 अक्टूबर को नहाय-खाय से होगी, इसके पश्चात 26 अक्टूबर (बुधवार) को खरना के साथ सामतपुर मड़फा तालाब में दोपहर 12 बजे छठ मैया के पूजा ध्वज वंदन के साथ शुभारंभ किया जाएगा। 27 अक्टूबर को सूर्यास्त से पूर्व प्रथम अर्घ्य तथा 28 अक्टूबर को सूर्योदय के साथ द्वितीय अर्घ्य अर्पित कर छठी मैया की पूजा संपन्न की जाएगी। पूजन हेतु ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल मड़फा तालाब में घाटों की सफाई, पूजन आसन और सजावट की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समिति के संयोजक एडवोकेट अक्षयवट प्रसाद ने बताया कि पूजा की समाप्ति पर सभी व्रतधारी माताओं-बहनों के पारण हेतु विशेष व्यवस्था की गई है। छठ घाट की तैयारी में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजूलिका शैलेंद्र सिंह, पार्षद गणेश रौतेल, शिव मारुति सेना एवं नगर पालिका परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग रहा। साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं टेंट की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। साथ ही, किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। आयोजन मंडल में प्रमुख रूप से समिति के संरक्षक पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेमकुमार त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजूलिका शैलेंद्र सिंह, समिति संयोजक एडवोकेट अक्षयवट प्रसाद, कल्याण सिंह, राजीव शुक्ला, लक्ष्मण राव, आशीष त्रिपाठी, शैलेंद्र सिंह, पार्षद गणेश रौतेल, सत्येंद्र स्वरूप दुबे, अजय कुमार प्रसाद, शिवांशु रंजन, राहुल कुमार, शिव मारुति युवा संगठन के सदस्य, आर.के. सिंह, डीएन यादव, विनोद सिंह, विजय राठौर, गणेश राठौर, अनिल सिंह, प्रमोद गौर, बद्रीनाथ तिवारी, रविंद्र प्रताप यादव सहित पूर्वांचल वासियों का विशेष योगदान रहेगा। संपूर्ण कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न किया जाएगा।

### बनगवां अध्यक्ष ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

नगर परिषद बनगवां (राजनगर ) क्षेत्र में छठ महापर्व सूर्य उपासना का सबसे बड़ा त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता रहा है। यशवंत सिंह अध्यक्ष नगर परिषद बनगवां (राजनगर) द्वारा गुरुवार तथा शुक्रवार को छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। छठ घाटों की स्वच्छता, लाइट की व्यवस्था, पेयजल तथा आवश्यक कार्यों हेतु नगर परिषद कर्मचारियों को तथा स्वच्छता मित्रों को निर्देशित किया। नगर परिषद क्षेत्र में प्रमुख रूप से जोड़ा तालाब राजनगर, न्यू राजनगर साइडिंग तालाब, छोटी भलमुडी. शांतिनगर तालाब, इन सभी स्थानो पर नगर परिषद द्वारा छठ घाट पर स्वच्छता के कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं।

### सूर्य की किरणों में आस्था

कोयलांचल क्षेत्र के अंतर्गत राजनगर, डोला, रामनगर, बरतराई कालोनी, आमाडांड तथा नगर परिषद डूमरकछार के पौराधार, झीमर कालरी में नहाय-खाय के साथ शनिवार से चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ की शुरुआत हो जायेगी। छठ व्रतियों के घरों में साफ-सफाई, पूजा सामग्री की खरीदारी और प्रसाद की तैयारी जोरों पर है, नहाय-खाय के दिन सुबह-सुबह तालाबों और कुएं में स्नान कर व्रती शुद्ध भोजन ग्रहण करेंगे। परंपरा के अनुसार लौकी-भात और चने की दाल का प्रसाद बनाकर पूजा की जायेगी। बाजारों में सुप-दउरा, नारियल, केला, नींबू, अदरक, गन्ना, फल और पूजा सामग्री खरीदने में व्यस्त दिख रहे हैं। इधर, रामनगर पुलिस ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम शुरू कर दिये हैं। नहाय-खाय के साथ ही व्रतियों का कठिन तपस्या का सफर शुरू हो जायेगा, रविवार को खरना, सौमवार को शाम का अर्थ और मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती पारण करेगी।

### नपं डूमरकछार अध्यक्ष ने जाना घाटों का हाल

नगर परिषद डूमरकछार में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर नगरपरिषद डूमरकछार अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार चौरसिया द्वारा नगर के प्रमुख छठ घाटों पर नगर परिषद के कर्मचारियों के साथ निरीक्षण किया। न्यू कॉलोनी, पुलिया दफाई, तथा अन्य छठ घाटो कि साफ सफाई, पेयजल की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, तथा अन्य आवश्यक कार्य हेतु नगर परिषद कर्मचारियों को निर्देशित किया। लोक आस्था के इस महापर्व छठ पूजा पर नगर के सभी छठ घाट समय पर तैयार रहेंगे। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार चौरसिया के साथ नगर परिषद क्षेत्र के पाषर्दगण तथा लेखापाल रजनीश शुक्ला तथा अन्य कर्मचारी साथ रहे।

### हर तरफ गूंज रहे छठ गीत

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर चारों ओर गूंज रहे छठ गीतों से बातावरण भक्तिमय हो गया है इन गीतों में जहां कई गीत पारंपरिक हैं तो कई नये-पुराने गीतकारों द्वारा लिखे गीत हैं। इन गीतों के चर्चित वरिष्ठ गायक-गायिकाओं के अलावा बाल कलाकारों ने भी आवाज दी है। कर्णप्रिय धुन और सुरीली आवाज के कारण में गीत लोगों को काफी प्रभावित कर रहे हैं। छठ के गीतों में "कांच ही बांस के बहंगिया नारियलवा ने फरेला.. कातिक के छठ के बरतिमा ए छठी मइया है दीना नाथ..., केलवा के पात पर..., उठउ सूरज भइले बिहान... आदि गीतों से पूरा वातावरण गूंज रहा है।

## कलेक्टर से मझगवां लैंपस प्रबंधक यादवेंद्र को हटाने की मांग

# पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष और किसानों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जिले के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मझगवा (फुनगा) के प्रबंधक यादवेंद्र गौतम को हटाने जाने के सम्बन्ध में रमेश सिंह पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष के साथ कई गांव के किसानों ने जिला कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर दिलीप पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में मझगवा लैंप्स प्रबंधक यादवेंद्र मिश्रा पर धनगंवा, धनपुरी, मंटोलिया, बनगवा, पसला, बिजौडी, कोलमी, रक्सा, फुनगा के किसानों ने आरोप लगाया है कि प्रबंधक द्वारा किसानों को समय पर खाद, चेक ना देने तथा उनका बकाया ऋण जमा नहीं करने के साथ ही अन्य कई कार्यों को लेकर किसानों को हमेशा ही परेशान करना आम बात हो गई है, जिसके कारण हम सभी किसान प्रबंधक यादवेंद्र गौतम से काफी परेशान हो चुके है, ऐसा प्रतीत होता है कि कभी कोई अप्रिय घटना न घटित हो जाए। लैंप्स प्रबंधक के कृत्यों से परेशान किसानों द्वारा जिला कलेक्टर से मांग की गई कि उक्त परिस्थितियों को देखते हुए मंझगवा लैंप्स प्रबंधक को तत्काल हटाने की की कार्यवाही की जाए।

### ग्रामीणों ने सुनाई आपबीती

मेरा कार्यक्षेत्र धनगवा पैक्स मंझगवा अंतर्गत आता है, मेरी शिकायत है कि समिति प्रबंधक यादवेंद्र गौतम द्वारा समय पर ऋण नगद प्रदाय नहीं किया जाता है, एवं अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है, इनका स्थानांतरण अन्यत्र कही कर दिया जाए वही मझगवां के कनक दास पटेल ने कहा कि मेरे द्वारा समिति से नियमित लेन देन किया जाता है, मेरे द्वारा 18 जून को रु. 20886 अपना कर्ज बालकृष्ण मिश्रा के पास जमा किया किंतु आज तक मुझे रसीद प्रदान नहीं किया गया है और मेरे केसीसी कार्ड में कर्ज चुकता कर दिया गया है, किंतु ऋण आज भी बकाया बताया जा रहा है, इस तरह मेरे साथ धोखाधड़ी किया गया है। तेजबली पटेल निवासी धनगवां ने शिकायती लहजे मे बताया कि मेरे द्वारा पैक्स मंझगवा अंतर्गत खाद, बीज, नगद ऋण का लेन देन किया जाता है, मै समय अवधि में अपना ऋण प्रबंधक यादवेंद्र गौतम को जमा करता हूँ, परन्तु 27 मई को रु. 10000 एवं 24 जून को रु. 4000 जमा किया गया है, किंतु ऋण आज भी बकाया बताया जा रहा है। बैंक शाखा अनूपपुर में भी ऋण बकाया बताया जा रहा है। मेरे केसीसी कार्ड में ऋण जमा कर दिया गया है, इस तरह मेरे साथ धोखाधड़ी किया जा रहा है। मेरा कर्ज जमा कराते हुए इनका स्थानांतरण कर दिया जाए। धनगवां के कश्मणी पटेल का कहना है कि मेरा कार्यक्षेत्र पैक्स मंझगवा अंतर्गत आता है, मेरे द्वारा खरीफ 2025 में ऋण खाद का बनवाया गया था, किंतु बार बार गाड़ी लेकर आने के बावजूद प्रबंधक यादवेंद्र गौतम द्वारा समय पर खाद प्रदान नहीं किया गया बल्कि सीजन समाप्त होने के बाद खाद प्रदान किया गया जिसका कोई उपयोग नहीं है। इनके द्वारा कभी समय पर खाद अथवा नगद प्रदाय नहीं किया जाता है। इसी तरह धनगवां के रोहित पटेल ने बताया कि पैक्स मंझगवा अंतर्गत रबी खरीफ का ऋण खाद नगद का लेन देन करता हूँ, इस वर्ष मेरे द्वारा खाद का ऋण बनवाया गया परन्तु प्रबंधक द्वारा बार बार बुलाकर भी खाद प्रदान नहीं किया गया। बल्कि सीजन समाप्त होने के बाद खाद सीएम हेल्पलाइन शिकायत के बाद प्रदान किया गया। बल्देव प्रसाद पटेल ने कहा कि मेरा कार्यक्षेत्र पैक्स मंझगवा अंतर्गत आता है, मेरे द्वारा पैक्स मंझगवा के प्रबंधक यादवेंद्र गौतम के विरुद्ध दिनांक 14 अक्टूबर को कलेक्टर साहब के समक्ष जनसुनवाई के शिकायत किया गया है। समिति प्रबंधक द्वारा समय पर नगद, ऋण हेतु चेक प्रदाय नहीं किया जाता है, ऋण हेतु बार बार आने के बाद भी परेशान किया जाता है, जल्द ही इनका स्थानांतरण अन्यत्र कर दिया जाए।

# ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों का जिला पंचायत सीईओ ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

### जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत कटकोना, बैहाटोला, बेलियाछोट, डोगरियाकला, बेलगांव का निरीक्षण कर विकास कार्यों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री अमर साय, जनपद पंचायत कोतमा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती ममता मिश्रा, मनरेगा के परियोजना अधिकारी रावेन्द्र पटेल, पीएम आवास के परियोजना अधिकारी डॉ उमेश द्विवेदी, जनपद के सहायक यंत्री जी के मिश्रा तथा सर्व संबंधित जन उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मनरेगा योजना अंतर्गत एक बगिया मां के नाम की हितग्राही श्रीमती प्रमिला के यहां आम का पौधा रोपण तथा एक अन्य हितग्राही श्रीमती इंद्रवती के पौधारोपण स्थल पहुंचकर पौधरोपण किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने भ्रमण के दौरान एक बगिया मां के नाम हितग्राहियों से रूबरू होकर योजना के बारे में जानकारी दी गई तथा पौधारोपण के संरक्षण, संवर्धन के संबंध में मार्गदर्शन किया गया भ्रमण के दौरान उन्होंने स्कूल, आंगनबाड़ी, गौशाला, जल जीवन मिशन के कार्यों का भी जायजा लिया तथा अन्य हितग्राहियों से चर्चा कर जानकारी ली व मौके पर कार्यों के संबंध में संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## 2 नवंबर को चेतना नगर में श्री श्याम संकीर्तन का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



रविवार 2 नवंबर को शाम 6 बजे से केडिया पेट्रोल पंप के सामने अमरकंटक रोड अनूपपुर मे लगातार दूसरे वर्ष श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है जिसमे भजन गायिका श्रीकृष्नेहा आयेंगी वही भजन गायक श्याम दीवाना ईशू भी अपने भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगे जबकि शीश सेवा के लिए राजेश महराज भी कार्यक्रम मे शामिल होंगे। आयोजनकर्ताओं ने उक्त धार्मिक आयोजन मे भक्तों से अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचकर आयोजन सफल बनाने की अपील की है।

# आवक कम, हरी सब्जियों के दाम आसमान पर: चना भाजी, मेथी और पालक मंहगी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।

आवक कम होने के कारण बाज़ार में हरी सब्जियों के दामों में जमकर उछाल है। वर्तमान समय में चने की भाजी, मेथी और पालक की भाजी बाजार में आने से लोगों का मन खाने को ललचा रहा है, परन्तु इनके दाम अपेक्षाकृत अधिक होने से गरीब व सामान्य तबके के लोगों को खरीदना बजट से बाहर है। सब्जियों के आसमान छूते दामों के कारण गृहणियां परेशान हैं, इससे उनका बजट बिगड़ा हुआ है। आम आदमी की थाली से हरी सब्जियां गायब होने लगी हैं। इस वर्ष अधिक बारिश होने के कारण सब्जियों की लोकल आवक कम होने के कारण हरी सब्जियों के दाम में जबरदस्त उछाल आया है। कम आय वाले परिवारों के लिये हरी सब्जी खरीदकर खाना मुश्किल हो रहा है। ठण्ड का मौसम आरंभ होने के बावजूद आवक कम होने के कारण थोक सब्जी मण्डी में हरी सब्जियों के दामों में तेजी बनी हुई है।



### बाजार के दाम

चने की भाजी 120 रूपये, मेथी 160, पालक 80 रूपये राई भाजी 80 रुपया के साथ ही फूल गोभी 80 रूपए किलो, भिण्डी 80, जैसी अन्य सब्जियों के दाम भी 60 से 150 रूपये किलो बने हुए हैं। वहीं इस सीजन में चना भाजी 140-120 रूपये किलो तक बिक रही है। हरी धनिया का भाव भी 150 रूपये किलो से कम नहीं हुआ है।

### ये हैं सब्जियों के दाम

बाजार में सब्जियां महंगी बिक रही है। टमाटर 40 से 50 रूपये किलो, मेथी 160 रूपये,पालक 80 से 100 रुपये, पत्ता गोभी 60 रूपये, अदरक 160 रूपये, लाल भाजी 60 रूपये, मिर्च 60 रूपये, प्याज 60 रूपये किलो, भिण्डी 80 रूपये, कद्दू 60 रूपये, बैंगन 60 रूपये, लौकी 20 से 30 रूपये प्रति नग तक बिक रही है। लोगों का कहना है कि बाज़ार में सब्जियों के दाम महंगे चल रहे हैं, समझ में नहीं आता कि क्या सब्जी खरीदें, कोई भी सब्जी 40 से 100 रूपये प्रतिकिलो से नीचे नहीं है। लोगों के छोटे परिवार में एक टाईम की सब्जी बनाने में कम से कम 100 रूपये खर्च हो रहे हैं। टमाटर के साथ भिण्डी, फूल गोभी, पत्तागोभी, बरबटी, शिमला मिर्च, परबल, फर्रास फली सहित भाजियों के भाव में तेजी बनी हुई है। सब्जियों के बढ़े दामों का मुख्य कारण स्थानीय और बाहरी क्षेत्र से शहर की सब्जी मण्डी में हरी सब्जियों की आवक कम होना बताया जा रहा है। दीपावली पर्व के समय से सब्जियों के भाव में काफी उछाल आया है।